(d) whether the students reading in the schools in flood affected areas have been granted remission in tution fees, and

(e) whether the teaching and non-teaching staff serving in the schools have been granted the concession of advance payment of their salary, and if so, the total amount sanctioned for the purpose ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF IRRIGATION AND POWER (SHRI B N KUREEL) (a) to (e) The information is being collected and will be laid on the Table of the House in due course

अन्य रेल मार्गों पर राजधानी जैसी गाड़िया चलाना

51. श्री हुकम चन्द कछवाय क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या राजधानी एक्सप्रेस जैसी गाड़िया कुछ अन्य रेल मार्गो पर भी चलाने की कोई योजना सरकार के विचारधीन है,

(ख) वर्तमान राजधानी एक्सप्रेस से गत वर्षो मे सरकार को कितनी आय हुई , और

(ग) इस अवधि मे कितते व्यक्तियो ने इस गाडी से यात्रा की ?

रेल मंत्री (श्री के० हनुमन्तैया) (क) मई, 1972 से लागू होने वाली नयी समय सारणी से नयी दिल्ली और बम्बई सेंट्रल के बीच राजधानी एक्सप्रेस चलाने का प्रस्ताव है ,

(ख) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

(ग) 1, 37, 333

तोड़फोड़ की कार्यवाहियों और पाकिस्तान द्वारा बमबारी के कारण भारतीय रेलवे को हुई क्षति

52. श्री हुकम चन्द कछवाय क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि हाल के भारत पाकिस्तान युद्ध के दिनो तथा उस से पूर्व तोड़-फोड की कार्यवाही तथा पाकिस्तान बमबारी से भारतीय रेलो को हुई क्षति का ब्योरा क्या है ?

रेल मन्त्री (श्री के० हनुमन्तैया) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

धाली-राजहरा से जगदलपुर तक रेलवे लाइन

53 श्री हुकम चन्द कछवाय: क्या रेल मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या जगदलपुर जिले को राज्य के अन्य भागो से जोडने के लिए धाली-राजहरा से भानुप्रतापपुर, नारायणपुर और भोडागाव होते हुये जगदलपुर तक रेल-मार्ग बनाने की कोई योजना है, और

(ख) यदि हा, तो इस परियोजना पर अनुमानत. कितना खर्च आयेगा ?

रेल मंत्री (श्री के० हनुमन्तैया) (क) और (ख) धाली राजहरा से दान्तेवाडा/जगदलपुर तक बडी लाइन के लिए यातायात एव इजीनियरी सर्वे करने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है । इस प्रस्तावित लाइन की लागत का पता सर्वे हो जाने के बाद ही लगेगा ।

रेलवे वैगनों का निर्यात

54. श्री हुकम चन्द कछवाय· क्या विदेश व्यापार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) पिछले 2 वर्षों के दौरान विदेशो को रेलवे के कितने उपकरण और वैगनो का निर्यात किया गया; और

(ख) इस समय विदेश से कितने रुपये के क्रयादेश प्राप्त हुए है, जो विचाराधीन हैं और उनसे कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की जाने की सम्भावना है ?